प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

करगिल विजय दिवस

देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिन करगिल युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन विजय की सफलता का प्रतीक है। आकाशवाणी की ओर से उन वीर जवानों को सादर नमन और श्रद्धांजलि जिन्होंने राष्ट्रहित में सर्वोच्च बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करगिल विजय दिवस पर कहा कि यह अवसर उन वीर सपूतों के अद्वितीय साहस और पराक्रम की याद दिलाता है जिन्होंने राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने का उनका जुनून हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तिरंगे की शान में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले सभी वीर जवानों को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि इस युद्ध में देवभूमि हिमाचल के 52 वीर सपूतों ने जिस पराक्रम और शौर्य का परिचय दिया, वह आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्य, राष्ट्रभक्ति और साहस की प्रेरणा देता रहेगा।

करगिल विजय दिवस

करगिल विजय दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। करगिल युद्ध में ऐतिहासिक विजय के 26 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान मुख्यालय द्वारा 27 जुलाई तक करगिल विजय दिवस को उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जा रहा है। सेना प्रशिक्षण कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, ने कल कारगिल विजय दिवस समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान कारगिल युद्ध के 14 वीर सैनिकों को उनकी वीरता और निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया गया। लैफ्टिनैंट जनरल देवेन्द्र सिंह ने कहा कि करगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और देशभक्ति का प्रतीक है जिसमें पालमपुर के वीर सपूत विक्रम बतरा अभूतपूर्व वीरता का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे।

*एक ऐसा दिन जो हर भारतीय के दिल में एक पवित्रता की संवेदना और गर्व की भावना जगाता है। 1999 में जब करगिल के उंचे कठिन और बर्फ से ढके पहाड़ों पर दुश्मन ने चुपचाप कब्जा कर लिया तब भारत ने वीरता का वो प्रदर्शन किया जिसका इतिहास में स्वर्ण अक्षरों लिखा गया है कारगिल में 5 सौ 27 वीर सैनिक जिन्होंने भारत माता की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उनका त्याग भारत के लिए एक मिसाल बन कर रह गया। यह वीर सैनिक कैप्टन विक्रम बतरा परमवीर चक्र यह दिल मांगे मोर बोलकर टायगर हिल पर विजय का झंडा लहराया कब्जा किया और वीरगति को प्राप्त हुए राईफल मैन संजय कुमार परमवीर चक्र खुद घायल होकर भी दुश्मन के बंकर पर कब्जा किया और ऐसे बहुत से वीर जवान जिनका अख़बारों में नहीं आया उनका बलिदान हर फौजी के रूह में दर्ज है*

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 27 जुलाई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

मिंजर मेला

चंबा जिला का अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला कल से शुरू होगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल श्री लक्ष्मी नारायण जी को मिंजर अर्पित करने के बाद चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान से इस मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे। राज्यपाल मेले में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में शिरकत भी करेंगे।

शांडिल

प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के बड़ोह में 6 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त भवन का उद्घाटन करने के अवसर पर ये बात कही।

अटल पेंशन योजना

केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना के अंशधारकों की संख्या आठ करोड़ को पार कर गई है। दस साल पहले शुरु हुई यह योजना भारत सरकार की अग्रणी सामाजिक सुरक्षा योजना है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में बादल छाए हुए हैं जबकि कुछ स्थानों पर वर्षा का समाचार है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने प्रदेश में आज से 31 जुलाई तक कई जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने आज तीन जिलों मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है।

———————————